भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3989**
**4 अप्रैल, 2025 को उत्तर के लिए**

## इस्पात का आयात और इसका घरेलू उत्पादन

**3989 डा. अशोक कुमार मित्तल :**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों में भारत में इस्पात के कुल आयात का देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों में भारत में इस्पात के घरेलू उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि आयातित इस्पात की गुणवत्ता, मानक आवश्यकताओं के अनुरूप हों, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस्पात के आयात में वृद्धि के क्या कारण हैं और मंत्रालय द्वारा घरेलू उत्पादन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क): विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में तैयार इस्पात के आयात का देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान घरेलू क्रूड इस्पात उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

| **घरेलू क्रूड इस्पात उत्पादन** | |
|---|---|
| **वर्ष** | **मात्रा (एमएनटी में)** |
| 2019-20 | 109.14 |
| 2020-21 | 103.54 |
| 2021-22 | 120.29 |
| 2022-23 | 127.20 |
| 2023-24 | 144.30 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमएनटी=मिलियन टन | |

(ग) और (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार देश में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। आयात और निर्यात से संबंधित निर्णय इस्पात कंपनियों द्वारा प्रौद्यो-वाणिज्यिक सोच-विचारों और बाजार की गतिशीलता के आधार पर लिए जाते हैं।

जारी......2/

सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि देश में केवल गुणवत्तायुक्त इस्पात का ही उत्पादन हो अथवा बाहर से इसका आयात किया जाए। इस दिशा में, 151 बीआईएस मानकों को अधिसूचित किया गया है और इस्पात मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) द्वारा इनको शामिल किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतिम उपयोगकर्ताओं और जनता को व्यापक स्तर पर केवल गुणवत्ता वाला इस्पात उपलब्ध कराया जाए।

सरकार ने घरेलू इस्पात उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं :-

(i) सरकारी अधिप्राप्ति के लिए 'मेड इन इंडिया' इस्पात को बढ़ावा देने हेतु घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति।

(ii) पूंजीगत निवेश को आकर्षित करके देश के भीतर 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का कार्यान्वयन।

*****

अनुलग्नक

## विगत पांच वर्षों के दौरान तैयार इस्पात का देश-वार और वर्ष-वार आयात

| तैयार इस्पात का आयात ('000 टन) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **देश** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| अर्जेंटीना | 26 | 7 | 1 | 0 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 |
| ऑस्ट्रिया | 13 | 71 | 9 | 10 | 52 |
| बहरीन | 10 | 14 | 5 | 1 | 3 |
| बेल्जियम | 74 | 56 | 28 | 33 | 17 |
| ब्राज़ील | 23 | 5 | 6 | 3 | 1 |
| कनाडा | 20 | 17 | 10 | 11 | 6 |
| चीन | 1207 | 843 | 833 | 1407 | 2687 |
| चेक रिपब्लिक | 2 | 0 | 1 | 2 | 4 |
| डेनमार्क | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 |
| फ़िनलैंड | 9 | 5 | 5 | 7 | 6 |
| फ़्रांस | 56 | 121 | 58 | 77 | 15 |
| जर्मनी | 135 | 146 | 151 | 112 | 80 |
| इंडोनेशिया | 464 | 79 | 241 | 148 | 94 |
| इटली | 81 | 33 | 34 | 31 | 23 |
| जापान | 1018 | 560 | 664 | 841 | 1274 |
| कज़ाकस्तान | 3 | 11 | 1 | 6 | 0 |
| कोरिया | 2687 | 1947 | 2009 | 2228 | 2670 |
| कुवैत | 8 | 3 | 3 | 3 | 9 |
| मलेशिया | 51 | 42 | 8 | 20 | 6 |
| नेपाल | 6 | 6 | 9 | 59 | 120 |
| नीदरलैंड | 11 | 20 | 13 | 4 | 3 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| ओमान | 4 | 12 | 5 | 7 | 11 |
| पोलैंड | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| पुर्तगाल | 2 | 1 | 2 | 2 | 0 |
| रोमानिया | 3 | 1 | 1 | 2 | 17 |
| रूस | 71 | 63 | 55 | 313 | 53 |
| सऊदी अरब | 8 | 36 | 14 | 9 | 39 |
| सिंगापुर | 139 | 43 | 8 | 6 | 4 |
| स्लोवेनिया | 11 | 7 | 6 | 4 | 1 |
| दक्षिण अफ़्रीका | 22 | 15 | 8 | 5 | 7 |
| स्पेन | 32 | 20 | 27 | 21 | 5 |
| स्वीडन | 23 | 27 | 39 | 48 | 20 |
| स्विट्ज़रलैंड | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| ताइवान | 165 | 186 | 194 | 163 | 185 |
| थाईलैंड | 52 | 50 | 25 | 53 | 58 |
| तुर्किये | 5 | 8 | 2 | 3 | 3 |
| यू.के. | 17 | 11 | 6 | 5 | 4 |
| यूएई | 21 | 21 | 24 | 12 | 52 |
| यूक्रेन | 84 | 31 | 22 | 7 | 1 |
| यूएसए | 65 | 54 | 29 | 17 | 20 |
| वियतनाम | 86 | 133 | 75 | 320 | 737 |
| अन्य | 39 | 39 | 26 | 11 | 27 |
| **कुल** | **6768** | **4752** | **4669** | **6022** | **8320** |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) | | | | | |

*****